भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 3576
उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 15 जुलाई, 2019
24 आषाढ़, 1941 (शक)

मंदिरों में पोखरों का सौंदर्यीकरण

3576. श्रीमती अपराजिता सारंगी:

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भुवनेश्वर शहर में एएसआई द्वारा प्रबंधित मंदिरों के पास वाले पोखरों/तालाबों की सूची क्या है;

(ख) क्या केंद्र सरकार का भुवनेश्वर में प्राचीन मंदिरों के समीप जल निकायों के पुनरुद्धार/नवीकरण/सौंदर्यीकरण हेतु एक कार्य योजना/विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाने का विचार है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) : भुवनेश्वर शहर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित तालाबों/पोखरों तथा इसके संरक्षणाधीन संरक्षित स्मारकों से संबद्ध तालाबों/पोखरों की सूची अनुबंध-I में दी गई है।

(ख) और (ग) : सरकार की विद्यमान नीति के अनुसार "प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम 1958 (1958 का 24)" के तहत घोषित संरक्षित स्मारकों/स्थलों का अनुरक्षण और संरक्षण भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा उनकी प्रामाणिकता और अखंडता से समझौता किए बगैर उपलब्ध संसाधनों और संरक्षण की आवश्यकताओं के आधार पर पुरातत्वीय मापदंडों और सिद्धान्तों के अनुसार किया जाता है। भुवनेश्वर शहर में केंद्रीय संरक्षित पोखरों और पोखरों वाले स्मारकों के संरक्षण और परिरक्षण पर हुआ व्यय अनुबंध-II पर दिया गया है।

अनुबंध- I

लोक सभा में दिनांक 15.07.2019 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं. 3576 के भाग (क) के उत्तर में निर्दिष्ट अनुबंध

केंद्रीय संरक्षित तालाबों/पोखरों तथा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के संरक्षणाधीन मंदिरों के पास के तालाबों/पोखरों की सूची।

क्र. सं.	तालाब/पोखर का नाम	टिप्पणी
1.	सहस्रलिंग तालाब, भुवनेश्वर, जिला-खुर्दा	केंद्रीय संरक्षित स्मारक लिंगराज मंदिर, भुवनेश्वर के पास
2.	पापनासिनी तालाब, भुवनेश्वर जिला-खुर्दा	केंद्रीय संरक्षित स्मारक मैत्रेश्वर मंदिर, भुवनेश्वर के पास
3.	छोटा तालाब (अनाम)	तालाब भास्करेश्वर मंदिर, भुवनेश्वर के संरक्षित क्षेत्र के अंदर है।
4.	छोटा तालाब (अनाम)	पोखर ब्रहमेश्वर मंदिर, भुवनेश्वर, जिला खुर्दा के संरक्षित क्षेत्र के अंदर है
5.	छोटा तालाब (अनाम)	तालाब मेघेश्वर मंदिर और उसके लघु मंदिर, भुवनेश्वर, जिला – खुर्दा के संरक्षित क्षेत्र के अंदर है।
6.	छोटा तालाब (अनाम)	तालाब नबकेश्वर मंदिर, भुवनेश्वर, जिला-खुर्दा के संरक्षित क्षेत्र के अंदर है।
7.	छोटा तालाब (अनाम)	तालाब रामेश्वर मंदिर, भुवनेश्वर, जिला खुर्दा के संरक्षित क्षेत्र के अंदर है।
8.	मारीच कुंड	केंद्रीय संरक्षित स्मारक मुक्तेश्वर मंदिर, भुवनेश्वर, जिला-खुर्दा के परिसर में
9.	बिंदु सागर (केंद्र सरकार द्वारा संरक्षित नहीं)	केंद्रीय संरक्षित स्मारक अनंतवासुदेव मंदिर के पास

अनुबंध- II

लोक सभा में दिनांक 15.07.2019 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं. 3576 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में निर्दिष्ट अनुबंध

पिछले तीन वर्षों के दौरान भुवनेश्वर शहर के अंदर केंद्रीय संरक्षित स्मारकों-पोखरों/तालाबों तथा केंद्रीय संरक्षित स्मारकों के पास पोखरों/तालाबों के संरक्षण और अनुरक्षण पर हुआ व्यय

क्र. सं.	स्मारक/स्थल का नाम	2016-17	2017-18	2018-19
1.	भास्करेश्वर मंदिर, भुवनेश्वर, जिला खुर्दा	44247	00	133819
2.	ब्रहमेश्वर मंदिर, भुवनेश्वर, जिला खुर्दा	00	00	00
3.	नबकेश्वर मंदरि, भुवनेश्वर, जिला खुर्दा	00	00	37632
4.	रामेश्वर मंदिर, भुवनेश्वर, जिला खुर्दा	60544	270072	1616019
5.	मेघेश्वर मंदिर, भुवनेश्वर, जिला खुर्दा	176840	392835	112332
6.	मुक्तेश्वर मंदिर, भुवनेश्वर, जिला खुर्दा	61688	490788	00
7.	पापनासिनी तालाब, भुवनेश्वर, जिला खुर्दा	155740	166166	650497
8.	सहस्रलिंग तालाब, भुवनेश्वर, जिला खुर्दा	161167	119688	1397023